

## एक नजर में

### वैक्सिनेशन को लेकर समीक्षा बैठक



**बड़वाह, निप्र।** जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार स्थानीय जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 17/03/26 कोHPV वेक्सिनेशन कार्य में प्रगति को लेकर अनुविभागीय अधिकारी सत्यनारायण जी दर्रो, जनपद पंचायत अधिकारी, स्वास्थ अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रेवाराम जी वर्मा , विकासखंड स्रोत समन्वयक मेवाराम जी बर्मन, तहसीलदार शिवराम जी कनासे, तहसीलदार सनावद , शासकीय अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति मे समीक्षा बैठक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें उपस्थित समस्त विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने बड़वाह विकास खण्ड में वेक्सिनेशन की अत्यंत धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र ही लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित अपर सचिव शिक्षा एवं जिला पंचायत अधिकारी , खरगौन भी सम्मिलित हुए जिन्होंने आज के जक्ष्य 450 वेक्सिनेशन को पूरा करने के लिये बैठक से ही सीधे अपने अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर कार्य को पूरा करने के लिये निर्देशित किया और वे स्वयं भी सीधे शासकीय हॉस्पिटल पहुंचे तथा वेक्सिनेशन कार्य की जानकारी ली। बैठक में प्राचार्य डॉ .परेश विजयवर्गीय , श्रीमती हंसा कानूडे, सुनिल शुक्ला, सदाशिव बिरला, विनय पाटिल , अनोखी लाल वर्मा, विकासखंड शिक्षा कार्यालय प्रमुख यतींद्र जोशी तथा शासकीय अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्राचार्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कसरावद द्वारा कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी कसरावद को ज्ञापन सौंपा




**कसरावद, निप्र।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ब्लॉक इकाई कसरावद द्वारा कलेक्टर महोदय के नाम अनुविभागीय अधिकारी कसरावद को ज्ञापन सौंपा । राज्य कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष श्री संजय शर्मा ने बताया कि शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना प्रगणक कार्य में लगाई गई है। इस दौरान ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेंगे। वर्तमान में जो आदेश जारी किए गए है वह बिना कलेक्टर के अनुमोदन से जारी किए गए है। शिक्षकों द्वारा अवकाश के दिनों में कार्य किया जाता है तो अर्जित अवकाश की पात्रता मिलती है ऐसी स्थिति में कलेक्टर द्वारा अनुमोदित आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया गया है ताकि सर्विस बुक में भी विधिवत एंट्री कराई जाकर अर्जित अवकाश का लाभ मिल सके । बढ़ते हुए तापमान एवं गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए शाला समय प्रात :कालीन किए जाने के संबंध में भी ज्ञापन दिया गया है। इस दौरान राज्य कर्मचारी संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहन यादव , उत्कृष्ट स्कूल प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रमोद वर्मा संजय कर्मा एवं प्रकाश गोखले, प्रवक्ता संजय हिंगोले, महामंत्री राजेंद्र राठौड़ , आदि उपस्थित हुए।

### क्रांतिसूर्य टंटया भील यूनिवर्सिटी प्रबंधन के खिलाफ फूटा आक्रोश, सड़क पर उतरे छात्र



**खरगोन, निप्र।** सोमवार को क्रांति सूर्य टंट्या भील युनिवर्सिटी के छात्रों ने अध्यापन कक्ष संख्या बढ़ाने, एटीकेटी फीस वृद्धि सहित युनिवर्सिटी में फैली अव्यवस्थाओं की सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि दो साल पहले यूनिवर्सिटी की स्वीकृति मिली थी। पहले वर्ष पीजी कॉलेज परिसर में कक्षाएं संचालित की गई। इस वर्ष सीएमएचओ कार्यालय के प्रशिक्षण भवन के महज 5 कमरों में कक्षाएं संचालित हो रही है। विवि प्रबंधन से नाराज छात्रों ने एमजी रोड़ पर प्रदर्शन किया। यहां एबीवीपी के पदाधिकारी भी प्रदर्शन में शामिल हुए। छात्रों का आरोप है कि पर्याप्त कक्ष नही, प्रोफेसर नही, लायब्रेरी में किताबें नही, न ही साफ- सफाई हो रही। बावजूद इसके विषयवार 24 से 32 हजार रुपए फीस वसूली जा रही। एटीकेटी की फीस भी अन्य कॉलेजों के मुकाबले दो से तीन गुना बढ़ा दी गई है। यह शासकीय कॉलेज होने के बाद भी महंगी फीस वसूल कर गुणवत्तायुक्त शिक्षा नही दे पा रहा। निजी विवि या कॉलेज की शिकायत तो कर सकते है, लेकिन जिस विवि के अधीन 85 कॉलेज है, उसकी अव्यवस्थाओं की शिकायत कहां करे। प्रदर्शन के चलते एमजी रोड़ पर जाम की स्थिति बनने पर पुलिस ने श्रीकृष्ण टॉकिज तिराहा और पोस्ट ऑफिस चौराहा से मार्ग डायवर्ट कर दिया। छात्रों को डिप्टी कलेक्टर प्रताप अगास्या, कुलसचिव मनोहर दास सोमानी सहित पुलिस अधिकारियों ने समझाईश दी। विवि प्रबंधन से चर्चा के बाद कुछ मांगों पर सहमति बनी, जिसके बाद छात्रों ने प्रदर्शन समाप्त किया। डिप्टी कलेक्टर ने भी विवि भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा।

### कॉम्बिंग गश्त में की 147 वारंटियों की गिरफ्तारी, गुंडा- बदमाशों को किया चेक



**खरगोन, निप्र।** त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अलर्ट मोड पर है। गत दिनों शांति समिति की बैठक लेकर आगामी त्यौहार सांप्रदायिक सद्भाव के साथ मनाने की अपील की, वही बीती रात करीब 400 से अधिक पुलिसकर्मियों ने कॉम्बिंग गश्त की। एसपी रविन्द्र वर्मा ने फोर्स को ब्रीफ किया, इसके बाद एसडीओपी, टीआई सहित पुलिस अमला रात भर सड़कों पर तैनात रहा। गुण्डा-बदमाशों के घरों पर औचक दस्तक दी गई। 149 लिस्टेड गुंडे व 79 निगरानी बदमाशों को चेक किया गया। जिले में 49 स्थायी वारंटी व 98 गिरफ्तार वारंटीयों की धरपकड़ भी की गई। एसपी ने बताया कॉम्बिंग गश्त का मुख्य उद्देश्य कई वर्षों से फरार चल रहे वारंट शुदा शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी, लिस्टेड गुंडे-बदमाशों की औचक चेकिंग तथा रात्रि में सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ करना था। इस कॉम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस टीम को कई सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। 49 स्थायी वारंटियों एवं 98 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

## प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया






**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** जिला पंचायत खरगोन द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत नवाचार एवं पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का मंगलवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के स्टेडियम मैदान में सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर, उपाध्यक्ष श्री बापू सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती छाया जोशी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेलों को अनुशासन व टीम भावना का माध्यम बताया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की जिला अधिकारी पवी दुबे ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत ओपन पुरुष वर्ग में कबड्डी एवं महिला वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में जिले के सभी नौ विकासखंडों की टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महिला वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में सेगांव विकासखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महेश्वर द्वितीय, भगवानपुरा तृतीय, झिरनिया चतुर्थ एवं भीकनगांव पंचम स्थान पर रहा। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल भावना का परिचय दिया।


पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में महेश्वर विकासखंड की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। खरगोन द्वितीय, कसरावद तृतीय, झिरनिया चतुर्थ तथा भीकनगांव पंचम स्थान पर रहा। मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को क्रमशः 11,000, 5,100, 2,100 एवं 1,100 की नगद राशि तथा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## शहर कसरावद में शबे कद्र की रात इबादत और दुआओं में गुजरी, मस्जिदों में रही रोनक



**कसरावद, निप्र।** खरगोन जिले के कसरावद में मुस्लिम समाज के पवित्र माहे रमजान का आखिरी अशरा इन दिनों चल रहा है। इस दौरान आने वाली एक खास रात को शबे कद्र की रात कहा जाता है, जिसे हजारों महीनों से भी ज्यादा अफजल और बरकत वाली रात माना जाता है। मान्यता है कि शबे कद्र रमजान की 21, 23, 25, 27 और 29 वीं रातों में से किसी एक रात होती है, लेकिन समाज में 27 वीं रात को विशेष महत्व दिया जाता है। इसी क्रम में गत रात 27 वीं रमजान को शहर के मुस्लिम समाज के लोगों ने पूरी रात जागकर अल्लाह की इबादत की। मस्जिदों और घरों में नमाज अदा की गई, कुरान शरीफ की तिलावत की गई और अल्लाह का जिक्र करते हुए मगफिरत (गुनाहों की माफी) तथा देश में अमन-चैन की दुआएं मांगी गईं। रोजेदारों ने रोजा रखकर इस पाक रात को इबादत में बिताया। देर रात तक कब्रिस्तान में भी लोग अपने मरहुमो के लिए मगफिरत दुआएं के लिए गए। वही वही दरगाहों पर भी फातिया की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि चांद दिखाई देने के बाद ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां भी अब शुरू हो गई। शहर सदर शेर खान अंसारी।

## श्री रणजीत हनुमान मंदिर में आज होगा मंगल प्रवेश



**महेश्वर, निप्र।** नगर के मध्य बसे श्री रणजीत हनुमान मंदिर में आज बुधवार को साधु संतों और विद्वान पंडितों की उपस्थिति तथा पूजा अर्चना के पश्चात मंगल प्रवेश की विधान पूर्वक किया जाएगा। श्री रणजीत हनुमान मंदिर समिति के सदस्य गजराज यादव नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मंदिर अति प्राचीन है जिसका जीर्णोद्धार किया गया । बुधवार को महादेव, माता पार्वती तथा भगवान गणेश जी की स्थापना विधि विधान से की जाएगी तत्पश्चात अभिजीत मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर ध्वजा व कलश स्थापित किया जाएगा गजराज यादव और सनातन सकल हिंदू समाज के समस्त सदस्यों ने सुबह निकलने वाले चल समारोह में शामिल होने का क्षेत्र वासियों से आह्वान किया। मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी रोहित जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की सुबह 9:00 बजे भवानी माता मंदिर परिसर में सनातन धर्म के सभी श्रद्धालु और भक्तजन एकत्रित होंगे इस दौरान अयोध्या, ओंकारेश्वर, मांडव तथा काशी के कई संत भी इस यात्रा में शामिल होंगे तत्पश्चात माता भवानी तथा भगवान की पूजा अर्चना के पक्ष चल समारोह भव्य स्तर पर भवानी माता मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री रणजीत हनुमान मंदिर परिसर में पधारेगा जहां पर भगवान की विशाल आरती के पश्चात यात्रा का समापन होगा व प्रसाद वितरण किया जाएगा इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा। रोहित जोशी ने क्षेत्र के समस्त धर्म प्रेमी जनता से इस जल समारोह में शामिल होने का वहन किया।

## सड़क हादसे में एक की दर्दनाक मौत, दूसरा घायल



**खरगोन, निप्र।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात जिले के सेलानी बायपास पर हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मली के अनुसार, संजय नगर निवासी अकबर (25) और बिलाल (24) इंदौर से खरगोन की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान सेलानी बायपास के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अकबर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बिलाल को चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घायल बिलाल को तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल में समाजजनों की भीड़ जमा हो गई और शोक का माहौल बन गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है।

## बेटे की शादी के लिए बनाए गहने हुए चोरी, एसपी से लगाई मदद की गुहार




**खरगोन, निप्र।** जिले के सनावद में एक माह पहले हुई 3.50 लाख रुपए के आभूषण और नकदी की चोरी का मामला अब एसपी कार्यालय पहुंच गया है। एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कुछ सुराग नही लगने से नाराज पीड़ित ने एसपी से मामले में हस्तक्षेप की मांग की। एसपी कार्यालय पहुंचे ओंकार बाग कॉलोनी, सनावद निवासी रमेश पिता अंबाराम गुर्जर ने बताया कि 15 फरवरी की रात उनके किराए के मकान में चोरी हुई थी। चोर पलंग के बेड से 3.50 लाख रुपये मूल्य के आभूषण और नकदी चुरा ले गए थे। थाना प्रभारी को संदेही का नाम भी बताया, लेकिन पुलिस ने संदेही से कोई पूछताछ नही की। यह आभूषण उनके बेटे राजा गुर्जर की शादी के लिए खरीदे गए थे, जिनमें कान के झुमके, टॉप्स, पांचाली, 10 सोने के मोती और चांदी के दो कड़े शामिल थे। पीड़ित परिवार मजदूरी करके अपना गुजारा करता है। रमेश गुर्जर ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर आभूषण नहीं मिले, तो उनके बेटे की शादी टूट सकती है।

## कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई, अधिकारियों ने सुनी 79 आवेदकों की समस्याएं



**खरगोन, निप्र।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 17 मार्च को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्री लोकेश छापरे ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 79 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। इस दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

## पीजी कॉलेज में रोप स्किपिंग ट्रायल : नेहा साल्वे का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**खरगोन, निप्र।** पीजी कॉलेज में मंगलवार को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय रोप स्किपिंग चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालय के लिए चयन ट्रायल आयोजित किए गए। इस चयन प्रक्रिया में पीजी कॉलेज के तीन खिलाडियों ने हिस्सा लिया। ट्रायल चयन समिति में पीजी कॉलेज क्रीडा अधिकारी डॉ. गगन कुमार चौधरी, शासकीय महाविद्यालय कसरावद के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दयाराम राजपूत और क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय के प्रकाश वास्कले क्रीड़ा संयोजक शामिल थे। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. चौधरी ने बताया कि इस ट्रायल में खिलाड़ी नेहा साल्वे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने 30 सेकेंड के डबल अंडर इवेंट में शानदार 65 स्कोर हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। उनके इस प्रदर्शन को चयन समिति ने सर्वश्रेष्ठ माना। यह प्रदर्शन आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में नेहा के चयन में महत्वपूर्ण साबित होगा।


**एक नजर में** — श्रीराम नवमी मनाने की परम्परा 1932 मे मंदिर निर्माण के समय पूर्वजों द्वारा शुरू की गई थी जिसे आज भी निभाया जा रहा है

## श्रीराम नवमी महोत्सव परम्परा, आस्था, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा

**नवभारत न्यूज**

**मंडलेश्वर, निप्र।** नर्मदा के पावन उत्तर तट पर 1932 मे निर्मित श्री समर्थ सद्गुरु ब्रम्ह चैतन्य गोंदवलेकर महाराज श्रीराम मंदिर मे गुरुवार से 94 वां श्रीराम नवमी महोत्सव शुरू हो रहा है। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट (मोड़क पारमार्थिक ट्रस्ट) के सदस्य एवं मंदिर के संस्थापक श्री भीमराव उर्फ राजाराम विष्णु मोड़क के वंशज पुजारी पंडित शांतनु मोड़क ने बताया की श्रीराम नवमी मनाने की परम्परा 1932 मे मंदिर निर्माण के समय पूर्वजों द्वारा शुरू की गईं थी जिसे आज भी निभाया जा रहा है। इस बार हम 94 वां श्रीराम नवमी महोत्सव मनाने जा रहे है। गुरुवार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा )से शुरू होने वाला यह महाउत्सव 27 मार्च शुक्रवार चैत्र शुक्ल नवमी (राम नवमी )तक मनाया जाएगा।गुरुवार से प्रतिदिन सुबह 5 बजे काकड़ आरती, से शुरू होकर प्रभात फेरी, सामूहिक सुन्दर कांड पाठ, नवान्ह परायण, नैवेद्य, श्री राम जय राम जय जय राम का सामूहिक जाप,सायं आरती, अखंड नाम पेहरा रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम जाप के साथ ही रात्रि 12 बजे समापन होगा।





### ये रहेगा विशेष आयोजन मे

गुड़ी पड़वा के दिन सुबह 7 बजे से अभिषेक, पोशाक, श्रृंगार किया जाएगा. रात्रि मे विष्णु सहस्त्र नाम का सामूहिक पाठ और आध्यात्मिक कवि सम्मेलन होगा। 20 मार्च को शाम के समय स्वराई महिला भजन मंडल इंदौर द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे रात्रि मे मंडलेश्वर के खेडापति हनुमान भजन मंडल द्वारा भजनो की प्रस्तुति दी जाएगी। 21 मार्च रात्रि 9 बजे श्री राधे राधे करो बाबा आश्रम मंडलेश्वर के द्वारा भजन गाये जाएंगे।दिनांक 22, 23 एवं 24 को भी स्थानीय कलाकार भजनो की प्रस्तुतियाँ देंगे। 25 मार्च को आचार्य श्री दिलीप भालचंद्र करपे खरगोन द्वारा 'जहाँ जहाँ चरण पड़े रघुवर के' विषय पर प्रवचन दिए जाएंगे।27 मार्च रामनवमी के अवसर पर सुबह अभिषेक पोशाक श्रृंगार के बाद भजन कीर्तन रामजन्म समय तक किया जाएगा उसके बाद जन्म आरती होंगी दोपहर 12 बजे भगवान की पालकी का चल समारोह निकाला जाएगा।